# सर्वनाम ( PRONOUN )

**परिभाषा :-** जो शब्द् संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं , उन्हें सर्वनाम कहते हैं।

**जैसे:-** मैं , तू , आप , हम, आपका, जो , वह , यह, उसे , किनका , हमारा, मेरा , किसे, उसने, तेरा, जिसने, जिनका और कोई आदि।

## सर्वनाम के छह भेद हैं:-

| | |
|---|---|
| 1 | पुरुषवाचक सर्वनाम ( उत्त्म पुरुष, मध्यम पुरुष, अन्य पुरुष ) |
| 2 | निश्चयवाचक सर्वनाम |
| 3 | अनिश्चयवाचक सर्वनाम |
| 4 | प्रश्नवाचक सर्वनाम |
| 5 | संबंधवाचक सर्वनाम |
| 6 | निजवाचक सर्वनाम |

**1.पुरुषवाचक सर्वनाम:-** जो सर्वनाम शब्द् बोलने वाले, सुनने वाले तथा कहने वाले के लिए प्रयोग किए जाते हैं, वे पुरुषवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।जैसे:- मैं , तुम और उसे आदि।

## 1.पुरुषवाचक सर्वनाम के तीन भेद् है:-

**1.उत्त्म पुरुषवाचक सर्वनाम :-** जिन सर्वनामों का प्रयोग बोलने वाला तथा लिखने वाला अपने लिए करता हैं, उन्हें उत्त्म पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं।जैसे:- मैं , हम आदि।

**2.मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम:-** जिन सर्वनामों का प्रयोग बोलने वाला सुनने वाले के लिए करता है, उन्हें मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं।जैसे:- तुम , आप आदि।

**3.अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम:-** बोलने वाला जिन सर्वनामों का प्रयोग किसी अन्य के लिए करता है, उन्हें अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं।जैसे:- वह, यह आदि।

**2.निश्चयवाचक सर्वनाम:-** जो सर्वनाम शब्द किसी निश्चत व्यक्ति या वस्तु का बोध कराएँ , वे निश्चयवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे:- यह , वह, ये ,इसी और उसी आदि।

**3.अनिश्चयवाचक सर्वनाम:-** जो सर्वनाम शब्द किसी निश्चत व्यक्ति या वस्तु का बोध न कराएँ , उसे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं।जैसे:- किसी , कुछ, कोई , किन्हीं आदि।

**4.प्रश्नवाचक सर्वनाम :-** जो सर्वनाम शब्द किसी निश्चत व्यक्ति या वस्तु या घटना के संबंध में प्रश्न का बोध कराएँ, वे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।जैसे:- कौन , क्या , किसे आदि।

**5.संबंधवाचक सर्वनाम:-** जिन सर्वनामों का प्रयोग वाक्य में प्रयोग किए गए अन्य सर्वनाम से संबंध बताने के लिए किया जाता हैं, उन्हें संबंधवाचक सर्वनाम कहते हैं।जैसे:- जो-सो, जिसे- उसे, जिसका - उसका आदि।

**6.निजवाचक सर्वनाम:-** जिन सर्वनामों का प्रयोग वक्ता अपना बोध करवाने के लिए करता है, वे सर्वनाम कहलाते हैं।जैसे:- आप , अपना , खुद , स्वंय आदि।

*सौजन्य :- सुनीता चोपड़ा ( हिन्दी शिक्षिका )*